फा.सं. ए-12026/02/2016-एड.II
भारत सरकार
वित्त मंत्रालय
व्यय विभाग

नॉर्थ ब्लॉक, नई दिल्ली
17 नवम्बर, 2017

क. वित्त मंत्रालय, व्यय विभाग अपनी विभागीय वित्त कैन्टीन में कैन्टीन परिचारक के ग्रेड में रिक्त पदों को भरने की कार्रवाई कर रहा है।

ख. सीधी भर्ती के आधार पर निम्नानुसार आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं:-

पद का नाम	वेतनमान	आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तारीख को आयु	अनुसूचित जाति	अनुसूचित जनजाति	अन्य पिछड़ा वर्ग	अनारक्षित	निःशक्त व्यक्ति	पदों की कुल संख्या
कैन्टीन परिचारक	नए वेतन मैट्रिक्स में 18000-56900/-रु.	18-25 वर्ष	1	1	2	4	0	8 (आठ)*

(* रिक्तियों की संख्या में परिवर्तन हो सकता है।)

ग. पदों का विवरण (न्यूनतम शैक्षिक अर्हता, अनुभव, आयु-सीमा आदि);

1. वेतनमानः वेतन बैंड-I (₹5,200-20,200) और ग्रेड वेतन ₹1800/- । 7वें केन्द्रीय वेतन आयोग की सिफारिशों के अनुसार नए वेतन मैट्रिक्स में लेवल-I (₹18000-56900)।
2. शैक्षिक अर्हताः किसी मान्यता-प्राप्त संस्थान/बोर्ड/संगठन से मैट्रिक या समकक्ष ।
3. आयु सीमाः 18-25 वर्ष।
4. आयु में छूटः विद्यमान नियमों के अनुसार। केन्द्र सरकार द्वारा समय-समय पर जारी आदेशों के अनुसार सरकारी कर्मचारी के लिए आयु-सीमा 40 वर्ष।
5. अभ्यर्थी संलग्न प्रारूप के अनुसार ही आवेदन करें। किसी अन्य प्रारूप में आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।
6. अभ्यर्थी अपना आवेदन सही ढंग से सीलबंद लिफाफे में साधारण डाक से/ दस्ती तौर पर **"अवर सचिव (प्रशासन), वित्त मंत्रालय, व्यय विभाग, कमरा सं. 225-ई, नॉर्थ ब्लॉक, नई दिल्ली-110001"** को भेजें। अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि आवेदन-पत्र भेजते समय लिफाफे पर "कैन्टीन परिचारक के पद के लिए आवेदन" लिखें।
7. आवेदन प्राप्ति की अंतिम तारीख "रोजगार समाचार" में इस विज्ञापन के प्रकाशन की तारीख से 60 दिन है।
8. आयु-सीमा के निर्धारण के लिए निर्णायक तारीख, आवेदन प्राप्ति की अंतिम तारीख होगी।

9. आवेदन-पत्र के साथ निम्नलिखित दस्तावेजों/प्रमाणपत्रों की विधिवत् अनुप्रमाणित फोटोप्रतियां संलग्न की जानी हैं।

i) मैट्रिक या समकक्ष परीक्षा प्रमाणपत्र।

ii) शैक्षिक अर्हता (मैट्रिक या समकक्ष) की अंक तालिका।

iii) अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग प्रमाणपत्र।

iv) आतिथ्य प्रबंधन/खाना पकाने/केटरिंग में प्रमाणपत्र/डिप्लोमा (वैकल्पिक)।

v) रोजगार कार्यालय पंजीकरण आई.डी.संख्या की प्रति।

vi) यदि सरकारी कर्मचारी हैं, तो वर्तमान नियोक्ता से 'अनापत्ति प्रमाणपत्र' की मूल प्रति।

टिप्पणी :- आवेदन पत्र के साथ मूल प्रमाणपत्र न भेजें जाएं। मूल प्रमाणपत्र दस्तावेजों के सत्यापन के समय ही प्रस्तुत किए जाएं।

10. अपूर्ण/अपाठ्य आवेदन अमान्य समझा जाएगा और अभ्यर्थी को सूचित किए बगैर अस्वीकार कर दिया जाएगा। इस पद के लिए आवेदन करने से पहले इसका विज्ञापन सावधानीपूर्वक अवश्य पढ़ें ।

11. रिक्तियों की संख्या में परिवर्तन हो सकता है। इसके अतिरिक्त, नियोक्ता के पास इस अधिसूचना को कोई कारण बताए बगैर रद्द करने या परिवर्तित करने का अधिकार है।

12. किसी प्रकार की कोई सिफारिश अभ्यर्थी की अयोग्यता मानी जाएगी। किसी पूछताछ या पत्राचार का उत्तर नहीं दिया जाएगा।

13. कोई यात्रा भत्ता/दैनिक भत्ता स्वीकार्य नहीं होगा।

14. नियुक्ति प्राधिकारी का निर्णय अंतिम होगा।

15. यह भर्ती प्रक्रिया किसी पूर्व सूचना के/कारण बताए बगैर किसी भी चरण में रद्द/स्थगित/निलंबित/समाप्त की जा सकती है।

16. आतिथ्य/खाना पकाने/कैटरिंग में प्रमाणपत्र/डिप्लोमा धारक अभ्यर्थी को वरीयता दी जा सकती है।

सु. बिश्वास

(एस.के. बिस्वास)
अवर सचिव, भारत सरकार

अनुबंध-I

भारत सरकार
वित्त सरकार
व्यय विभाग

जीवनवृत्त का प्रारूप

(व्यय विभाग की विभागीय वित्त कैंटीन में 'कैंटीन परिचारक' के पदों के लिए)

पासपोर्ट आकार का स्व-अनुप्रमाणित फोटो चिपकाएं

1. पूरा नाम (श्री/श्रीमती/कुमारी) ....
2. जन्म तिथि ....
3. वर्ग अर्थात् अनु.जा./अनु.ज.जा./अन्य पिछड़ा वर्ग/सामान्य वर्ग ....
4. राष्ट्रीयता ....
5. लिंग : पुरुष/स्त्री
6. डाक पता ....
....
....
पिन कोड..
ई-मेल...
7. मोबाइल नं.

8. शैक्षिक योग्यताः

शैक्षिक योग्यता/डिप्लोमा	वर्ष	संस्थान का नाम	विषय

9. रोजगार कार्यालय की पंजीकरण आईडी.सं.

10. कार्य अनुभव (यदि कोई हो)

11. भाषाओं की जानकारी 1. 2. 3.

12. कोई अन्य सूचना

घोषणा

मैं यह घोषणा करता हूं/करती हूं कि इस प्रारूप के कॉलमों में की गई प्रविष्टियां मेरी जानकारी और विश्वास के अनुसार सही हैं और मैंने न तो कुछ छिपाया है और न ही गलत ढंग से पेश किया है।

स्थानः
दिनांक:

हस्ताक्षर